कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.

जल भवन, बाणगंगा चौराहा, टी.टी.नगर, भोपाल- 462003

दूरभाष: 0755- 2779411, 2779412 ईमेल: encph@nic.in वेबसाइट: www.phed.mp.gov.in

क्रमांक 1012 **/मॉनि./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2026,** **भोपाल, दिनांक** 06/2/26

प्रति,

1. मुख्य अभियंता
   लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
   परिक्षेत्र–भोपाल/इंदौर/जबलपुर/ग्वालियर एवं
   वि./यां. परिक्षेत्र, भोपाल।

2. अधीक्षण यंत्री
   लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
   समस्त मंडल, म.प्र.।

3. कार्यपालन यंत्री
   लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
   समस्त खंड, म.प्र.।

विषय : विभागीय कार्यों की जानकारियाँ एवं अभिलेखों की Scanned Copies उपलब्ध कराए जाने बाबत्।

....

उपरोक्त विषय में लेख है कि मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 2026 आहूत किया जा चुका है, उक्त सत्र में प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, इत्यादि के उत्तर प्रमुख अभियंता कार्यालय से शासन को विहित समय–सीमा में प्रस्तुत किए जाने की प्रक्रिया को सुगम बनाए जाने के लिए निम्नांकित जानकारी/अभिलेख प्रमुख अभियंता कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करायें:–

1. जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत एकल ग्राम नलजल योजनाओं की पूर्व निर्धारित प्रपत्रों में संकलित जानकारी।
2. जल जीवन मिशन योजनाओं से संबंधित डीपीआर के प्राक्कलन, निविदा अनुबंधों, कार्यादेशों, देयकों, विभिन्न परीक्षण/निरीक्षण रिपोर्टों इत्यादि की Scanned Copies
3. कार्यों से संबंधित शिकायतों तथा उनके निराकरण से संबंधित जानकारी।
4. जल गुणवत्ता से संबंधित जानकारी।
5. जिले से संबंधित कोई विशेष योजना/कार्य से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां

उपरोक्त जानकारी के बिन्दुओं के संबंध में विभिन्न प्रपत्र पूर्व से ही निर्धारित हैं, तद्नुसार जानकारी संकलित कर प्रमुख अभियंता कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिन अभिलेखों की उपरोक्तानुसार Scanned Copies प्रस्तुत किया जाना निर्देशित है, उनकी PDF में 20 MB से अधिक आकार की फाइल न बनाई जाए, यदि अभिलेखों की संख्या अधिक है, तो 20 MB तक के आकार की पृथक–पृथक बनाई जाए, ताकि ईमेल के माध्यम से प्रेषित करने में तथा विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित करने में कठिनाई न आये।

6/2

प्रमुख अभियंता

पृष्ठां. क्र. 1012 **/मॉनि./प्र.अ./लो.स्वा.यां.वि./2026** **भोपाल, दिनांक** 06/02/26

प्रतिलिपि:

1. निज सहायक, प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मंत्रालय भोपाल।

6/2

प्रमुख अभियंता